

# जल संरक्षण कार्यक्रमों ने समाज में नई चेतना का किया संचार : डॉ .राजेश

## जलगंगा संवर्धन अभियान के समापन पर सांसद-विधायक ने दिलाया जल संरक्षण का संकल्प

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 30 जून। धौंहनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सहिजनहा में जलगंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय समापन समारोह उत्साह, जनभागीदारी और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ आयोजित हुआ।**



सांसद डॉ.राजेश मिश्रा एवं विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कलश यात्रा में सहभागिता कर तालाब पूजन किया तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण को भी समान महत्व दिया है। आज देश में जल संरक्षण केवल सरकारी योजना नहीं बल्कि जनभागीदारी का राष्ट्रीय अभियान बन चुका है।

अमृत सरोवर, कैच द रेन तथा जल संरक्षण से जुड़े अनेक कार्यक्रमों ने समाज में नई चेतना का संचार किया है। उन्होंने कहा कि पहले जल संरक्षण को केवल सरकारी जिम्मेदारी माना जाता था, लेकिन आज प्रत्येक नागरिक इसमें अपनी भागीदारी निभा रहा है। यही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत है। यह अभियान केवल जल संरचनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं है बल्कि लोगों में जल के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी विकसित करने का माध्यम बना है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि जल और पर्यावरण का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों साथ-साथ चल सकते हैं यदि समाज और शासन मिलकर कार्य करें।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि जलगंगा संवर्धन अभियान-2026 अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करते हुए सीधी जिले ने प्रदेश में 35वीं रैंक प्राप्त की है। अभियान के तहत निर्धारित 4210 कार्यों में से 3463 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं जबकि 747 कार्य प्रगति पर हैं। जल संरक्षण एवं जल पुनर्भरण के 892 लक्ष्यों में से 878, फार्म पॉन्ड योजना के 1678 में 1489, जल संरचनाओं की मरम्मत के 106 में 99, वाटरशेड के 98 में 97, सिंचाई अवसंरचना के 33 में 31, पीएमकेएसवाई-वाटरशेड के सभी 27 तथा डग वेल रिचार्ज के 438 में से 418 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि शेष कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान ने विकसित की नई सोच : कुंवर

धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव के नेतृत्व में गांवों के समग्र विकास के साथ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर विशेष बल दिया जा रहा है। जलगंगा संवर्धन अभियान ने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के प्रति नई सोच विकसित की है। आज गांव-गांव में तालाबों की सफाई, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, पौधरोपण और वर्षा जल संचयन जैसे कार्य जनसहभागिता से किए जा रहे हैं जिससे सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# कलेक्टर ने सुनीं 414 आवेदकों की समस्याएं

## जनसुनवाई : कलेक्टर ने त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 30 जून। जिला पंचायत सभागार में आज मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर विकास मिश्रा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 414 आवेदकों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त गंभीर प्रकृति की शिकायतों पर कलेक्टर ने समय-सीमा निर्धारित करते हुए संबंधित विभागों को तय अवधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।**



कलेक्टर ने हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित शिकायतों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश भी दिए, ताकि उनकी नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करें तथा आवेदकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने संबंधित उपखंड अधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर कई मामलों में तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसामान्य की समस्याओं का समय पर निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई में उपखंड अधिकारी गोपद बनास प्रिया पाठक सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध रेत परिवहन : संयुक्त जांच अभियान में 16 वाहन जब्त, कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 30 जून। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विकास मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए विशेष जांच पखवाड़ा अभियान के तहत जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन में संलिप्त 16 वाहनों को जब्त किया है।**



यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन तथा एडीएम बी.पी.पाण्डेय, एएसपी कमला जोशी एवं जिला खनिज अधिकारी कपिल मुनि शुक्ला के मार्गदर्शन में खनिज विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सतत सघन जांच एवं भ्रमण के दौरान पिपरांव चौकी, थाना सेमरिया, थाना जमोड़ी, यातायात थाना, थाना बहरी, मोहनिया चौकी, थाना अमिलिया, थाना रामपुर नैकिन तथा टिकरी चौकी क्षेत्र में अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए 13 हाइवा, एक टाटा-909, एक टाटा-407 एवं दो ट्रैक्टर सहित कुल 16 वाहनों को पकड़कर संबंधित थाना एवं चौकियों में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। सभी वाहनों के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिला खनिज विभाग ने बताया कि सभी प्रकरणों को अग्रिम कार्रवाई के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। जिन वाहनों का उपयोग बिना पंजीयन अथवा बिना नंबर के किया गया है, उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई के लिए जिला परिवहन अधिकारी को भी पत्र भेजा जाएगा। इसके साथ ही अवैध खनिज कारोबार में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

# ग्रामीण महिलाओं के उद्यमों का सांसद-विधायक ने किया अवलोकन, बढ़ाया उत्साह

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 30 जून। म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों का सांसद डॉ.राजेश मिश्रा तथा विधायक धौंहनी कुंवर सिंह टेकाम भ्रमण एवं अवलोकन किया गया।**



इस दौरान ग्राम पंचायत टिकरी में पंचवटी स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित दोना-पत्तल निर्माण इकाई, पूजा स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित सत्तू विश्वकर्मा जनरल स्टोर तथा ग्राम दादर में वैभव लक्ष्मी स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित एलईडी बल्ब निर्माण इकाई का निरीक्षण किया गया। जनप्रतिनिधियों ने समूहों की महिलाओं से संवाद किया, उनके उत्पादों का अवलोकन किया तथा दोना-पत्तल एवं एलईडी बल्ब खरीदकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर भारत की मजबूत आधारशिला बनाया गया है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक नवाचार कर रही है। उन्होंने कहा कि दोना-पत्तल निर्माण जैसी पर्यावरण हितैषी गतिविधियां स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने के साथ-साथ जिले की पहचान भी बनेंगी। विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रत्येक स्व-सहायता समूह को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे एक से अधिक आजीविका गतिविधियों से जुड़ें, अपने कौशल का विकास करें और स्वरोजगार के माध्यम से अपनी आय में निरंतर वृद्धि करें। भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी एसडीएम आर.पी.त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने मुनिराज



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर मुनिराज विश्वकर्मा की नियुक्ति होने पर विश्वकर्मा समाज सहित भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपेक्षा व्यक्त की। अपनी इस नियुक्त पर मुनिराज विश्वकर्मा ने प्रदेश नेतृत्व एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, सीधी सांसद डॉ .राजेश मिश्रा एवं सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम एवं सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक के साथ-साथ संभागीय एवं जिला प्रभारियों के प्रति आभार ज्ञापित किया है। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

### वित्तीय साक्षरता शिविर में विद्यार्थियों को दी गई जानकारी



**सीधी।** भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय समावेशन विभाग के अंतर्गत 29 जून को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय टमसार के सभागार में विद्यार्थियों के लिए वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल से उपस्थित सीधी जिले के अग्रणी जिला अधिकारी अंकुश सिन्हा तथा अग्रणी जिला प्रबंधक अवध बिहारी चौधरी ने विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता के मूलभूत विषयों की जानकारी दी। उन्होंने बचत, बीमा, निवेश, पेंशन तथा डिजिटल बैंकिंग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सुरक्षित वित्तीय व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साइबर फ्रॉड से बचाव एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी भी साझा की गई।

### अटल पेंशन योजना : सीधी प्रदेश में प्रथम, देश में दूसरे स्थान पर

**सीधी।** अटल पेंशन योजना के विशेष नामांकन अभियान में सीधी जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए वर्तमान में मध्यप्रदेश में प्रथम तथा पूरे देश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन के प्रभावी समन्वय, बैंकिंग संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी तथा मैदानी स्तर पर कार्यरत बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बैंक मित्रों (बीसी) के सतत प्रयासों का परिणाम है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के सभी बैंक पात्र नागरिकों को अटल पेंशन योजना से जोड़ने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चला रहे हैं। ग्राम पंचायतों, नगरीय क्षेत्रों, शिविरों एवं बैंक शाखाओं के माध्यम से लोगों को योजना की जानकारी देकर उनका नामांकन कराया जा रहा है। विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, छोटे व्यवसायियों, किसानों तथा अन्य पात्र नागरिकों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अटल पेंशन योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसके माध्यम से 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के पात्र नागरिक नियमित अंशदान कर 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर सुनिश्चित मासिक पेंशन प्राप्त कर सकते हैं।

# निखिल मोटर्स धौहनी क्षेत्र के व्यवसायिक विकास की एक कड़ी : कुंवर

**नवभारत न्यूज**

**कुसमी 30 जून। टमसार में नवीन प्रतिष्ठान निखिल मोटर्स सोमवार को भव्य शुभारंभ धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम के मुख्य आतिथ्य, सिंगरौली प्राधिकरण अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल की अध्यक्षता किया गया।**



इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लालचंद गुप्ता, जनपद अध्यक्ष श्यामबती सिंह, जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह, अग्रहरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिवप्रसाद अग्रहरी, प्रवीण तिवारी, नगर अध्यक्ष शंकरलाल गुप्ता मझौली, सरपंच शंकरलाल गुप्ता, विजय पटेल यूनियन बैंक प्रबंधक, मंडल अध्यक्ष केके मिश्रा, सरपंच डांगा अखिलेश जायसवाल के विशिष्ट अतिथि, इंद्रप्रकाश गुप्ता, मोतीलाल प्रजापति, दिलशरण सिंह, सूर्यवती गुप्ता, राजकुमार तिवारी, शेषमणि मिश्रा, उमाशंकर पाण्डेय, रामेश्वर सिंह सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिती रही। शुभारंभ अवसर पर धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि यह प्रतिष्ठान नही है धौहनी विधानसभा में विकास की एक कड़ी जुड़ गयी है। लोगों को आने जाने का साधन आसानी से उपलब्ध होगा, वाहन लेने लोगों को सीधी-ब्यौहारी नही जाना पड़ेगा। एक ही छत के नीचे फाइनेंस, सर्विसिंग से लेकर बीमा रजिस्ट्रेशन के लिए नही भटकना पड़ेगा। धीरे धीरे हमारा क्षेत्र विकास की ओर बढ़ रहा है। कार्यक्रम के अंत मे निखिल मोटर्स के निखिल गुप्ता द्वारा उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान विशेष भोज का भी आयोजन किया गया।

# सुनील कुमार को संस्कृति मंत्रालय ने दी जूनियर फेलोशिप

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 30 जून। जिले के युवा रंगकर्मी एवं रंगदूत सीधी के सक्रिय कलाकार सुनील कुमार रावत को भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठित जूनियर फेलोशिप प्रदान किए जाने पर जिले के कला एवं रंगमंच जगत में हर्ष का वातावरण है।**



यह उपलब्धि न केवल सुनील कुमार के वर्षों के समर्पण, संघर्ष और रंगकर्म के प्रति उनकी निष्ठा का परिणाम है बल्कि सीधी जिले के लिए भी गर्व का विषय है। सुनील कुमार का जन्म सीधी जिले के अकौरी गांव में हुआ। साधारण ग्रामीण परिवेश से निकलकर उन्होंने रंगमंच के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई। प्रारंभिक दिनों से ही अभिनय और रंगमंच के प्रति उनकी गहरी रुचि रही। इसी जुनून ने उन्हें रंगदूत सीधी से जोड़ा, जहां उन्होंने कई वर्ष तक निरंतर प्रशिक्षण लिया, अनेक नाटकों में अभिनय किया और रंगमंच की बारीकियों को गंभीरता से सीखा। इस उपलब्धि से उनके परिवार में भी अत्यंत खुशी का माहौल है। सुनील कुमार के पिता रामभिलास कोल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके बेटे की मेहनत और लगन आज सफल हुई है। रंगदूत सीधी के सचिव एवं प्रसिद्ध रंगनिर्देशक प्रसन्न सोनी ने सुनील कुमार को शुभकामनाएं दी हैं।

# ई-टोकन से खाद वितरण में पारदर्शिता की पहल

**सीधी।** किसानों को समय पर, सुगमता से और पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई ई-विकास प्रणाली जिले में 15 जनवरी 2026 से प्रभावी रूप से लागू है। उपसंचालक ने बताया कि खरीफ फसलों की बोनी के दौरान किसानों की मांग के अनुरूप लगातार उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी डबल लॉक केन्द्रों एवं सहकारी समितियों से किसानों को निर्धारित दर पर ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक वितरित किया जा रहा है।



# पीएमश्री विद्यालय टिकरी में नि :शुल्क साइकिल, पाठ्यपुस्तक एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 30 जून। जिले के ग्राम टिकरी स्थित पीएम श्री शासकीय उ.मा.विद्यालय में आज शिक्षा एवं छात्र हित से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का गरिमामय आयोजन सांसद डॉ.राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य तथा विधायक धौंहनी कुंवर सिंह टेकाम की अध्यक्षता में किया गया।**

कार्यक्रम में सांसद तथा विधायक ने छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा विद्यालय के विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे बड़े लक्ष्य निर्धारित करें, अनुशासन और परिश्रम को अपनी सबसे बड़ी पूंजी बनाएं तथा जीवन में निरंतर सीखने की आदत विकसित करें। विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन, संसाधनों और आत्मविश्वास की है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता रखने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व भी जीवन की सफलता के महत्वपूर्ण आधार हैं।

# संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रियता से मिलेगी सफलता : अजय

## कांग्रेस की समन्वय समिति और विस्तारित बैठक में संगठन को मजबूत करने का संकल्प, पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कार्यकर्ताओं को दिया सक्रियता का मंत्र

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 30 जून। जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन सीधी में म.प्र. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल के मुख्य आतिथ्य में जिला कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक एवं जिला कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक अलग-अलग सत्रों में संपन्न हुई।**




बैठक में ग्राम पंचायत कमेटी एवं नगर कमेटियों के सत्यापन कार्य की समीक्षा भी की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने कहा कि कांग्रेस संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ बूथ स्तर तक पहुंचकर जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाएं। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों को निरंतर सक्रिय रखने, कार्यकर्ताओं से लगातार संवाद बनाए रखने और कांग्रेस की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, ग्राम पंचायत एवं नगर कमेटियों की स्थिति, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा जनसंपर्क अभियान सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में जिला कांग्रेस प्रभारी दिलीप मिश्रा, चुरहट विधानसभा प्रभारी शिव प्रसाद प्रधान, सीधी विधानसभा प्रभारी डॉ.विनोद शर्मा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, सहयोगी संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समन्वय समिति की बैठक में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष चिंतामणि तिवारी, आनंद सिंह चौहान, रुद्र प्रताप सिंह बाबा, राजेंद्र भदौरिया, दानबहादुर सिंह, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, श्रीमती कमलेश सिंह, राजकुमार सिंह, करुणासिंधु परौहा, राजबहोर जायसवाल, मनोज कोल, अरविंद सिंह, करुण सिंह, सौरभ सिंह, प्रफुल्ल पाण्डेय एवं नागेश्वर साकेत सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसजन शामिल रहे।

### मजबूत संगठन के लिये प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण : दिलीप

जिला कांग्रेस प्रभारी दिलीप मिश्रा ने कहा कि मजबूत संगठन के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए बूथ, सेक्टर एवं मंडल स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी समय में संगठनात्मक कार्यक्रमों को और गति दी जाएगी तथा प्रत्येक स्तर पर कांग्रेस की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन से मजबूत होगा संगठन : ज्ञान

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि जिले में कांग्रेस संगठन को और अधिक प्रभावी एवं मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं की मेहनत से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने और जनता के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया।

